प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 14.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और किफायती बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

2– छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया कि राज्य के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूल सोलह जून से शुरू होंगे।

3– मुख्यमंत्री ने आज जांजगीर–चांपा जिले में दो सौ पंचानवे करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

और

4– मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना।

...............

## केन्द्र सरकार 12 वर्ष–स्वास्थ्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले बारह वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और किफायती बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के जरिए गरीब और जरूरतमंद लोगों को इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, जनऔषधि केंद्रों पर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टेंट और घुटने के प्रत्यारोपण की कीमतें कम होने से मरीजों को लाभ हुआ है। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों और सीटों की संख्या बढ़ने से डॉक्टर बनने के अवसर भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए आगे भी लगातार काम करती रहेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से आज सुबह एक वैश्विक ऑनलाइन योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यू–ट्यूब लाइव योग स्ट्रीम के लिए "सबसे अधिक दर्शक" का नया विश्व रिकॉर्ड बनाना था। इसके ज़रिये विश्वभर के योग अभ्यासकर्ताओं और वेलनेस उत्साहियों को एक डिजिटल मंच पर एकत्र करने का प्रयास किया गया। यह ऑनलाइन योग सत्र सुबह छह बजकर पंद्रह मिनट से सात बजकर पैंतीस मिनट तक आयोजित किया गया। इसमें करीब एक सौ तीस देशों से भागीदारी की गई।

## योग दिवस–दुर्ग

आगामी इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले, दुर्ग पुलिस लाइन में आज ''सहज योग द्वारा स्वयं को पहचानो'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञों ने योग के जरिये पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि मानसिक शांति और आत्म जागरूकता व्यक्ति को नशे जैसी प्रवृत्तियों से दूर रखने में सहायक होती है।

## लोक शिक्षण संचालनालय–स्पष्टीकरण

छत्तीसगढ़ लोक षिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि राज्य के सभी शासकीय और अषासकीय स्कूल सोलह जून से शुरू होंगे। विभाग ने बताया कि सोषल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर एक जुलाई से सत्र शुरू होने की सूचना प्रसारित की जा रही है, जो पूरी तरह भ्रामक और फर्जी है। लोक षिक्षण संचालनालय ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और नागरिकों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

इस बीच, जांजगीर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के सभी स्कूल सोलह जून से ही खुलेंगे। उन्होंने कहा कि तारीख आगे बढ़ाने को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। हर साल की तरह इस वर्ष भी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा।

## विश्व रक्तदान दिवस

आज विश्व रक्तदान दिवस है। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने देशवासियों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की है। श्री नड्डा और श्री जाधव ने सोशल मीडिया पोस्ट में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम – ''मानवता की एक बूंद– रक्तदान करें, जीवन बचाएं'' – रखी गई है।

विश्व रक्तदान दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा लोकभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने तीस स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकभवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोकभवन के अधिकारियों–कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

## मुख्यमंत्री–जांजगीर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम पोड़ी में दो सौ पंचानवे करोड़ रुपये से अधिक की लागत के तीन सौ इकतालीस विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि

इन विकास कार्यों के माध्यम से सड़क, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, नगरीय अधोसंरचना तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण नहीं होते, बल्कि वे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनते हैं।

**<u>जशपुर–रेल नेटवर्क</u>**

जशपुर जिला अब रेल नेटवर्क से जुड़ेगा। केंद्र सरकार ने धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा नई रेललाइन परियोजना को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित किया है। करीब दो सौ बयानवे किलोमीटर लंबी यह रेललाइन जशपुर को पहली बार राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इससे किसानों, व्यापारियों और युवाओं को लाभ मिलेगा। क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और उद्योगों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**<u>मोर गांव–मोर पानी</u>**

राज्य सरकार द्वारा "मोर गांव–मोर पानी" महाअभियान के तहत जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और स्व–सहायता समूहों की महिलाओं ने श्रमदान कर एक ही दिन में दो हजार जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया। अभियान का उद्देष्य वर्षा जल संचयन बढ़ाना, भूजल स्तर सुधारना और ग्रामीण क्षेत्रों में जल सुरक्षा सुनिष्चित करना है।

**<u>दुर्ग पुलिस–जागरूकता कार्यक्रम</u>**

कबीर प्रकट दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के करहीडीह गांव में पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के साथ ही नशामुक्ति और साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। वहीं, साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों से फर्जी लिंक पर

क्लिक नहीं करने और किसी व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा नहीं करने की अपील की गई। कार्यक्रम में महिला कमांडो को सुरक्षा किट वितरित की गई।

**एनटीपीसी–बालिका सशक्तिकरण**

बिलासपुर में एनटीपीसी सीपत के बालिका सषक्तिकरण अभियान का कल समापन हो गया। चार सप्ताह तक चले इस प्रषिक्षण में एक सौ इक्कीस ग्रामीण बालिकाओं ने योग, आत्मरक्षा, कम्प्यूटर, संवाद कौषल और अंतरिक्ष विज्ञान सहित कई विषयों का प्रषिक्षण लिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अभिभावकों से बेटियों को आगे बढ़ने के समान अवसर देने की अपील की। इस मौके पर एनटीपीसी ने हर वर्ष दस मेधावी बालिकाओं को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक निःषुल्क षिक्षा देने की घोषणा की है।

**हॉकी खिलाड़ी–मुख्यमंत्री मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में भारतीय अंडर–एटीन हॉकी टीम के एशिया कप विजेता सदस्य अवि मानिकपुरी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## लोक वाद्य कार्यशाला

संस्कृति विभाग द्वारा भिलाई स्थित कुहुकी कलाग्राम संग्रहालय परिसर में आज से लोक वाद्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि तेईस जून तक चलने वाले इस कार्यशाला के दौरान खंजेरी, तंबूरा, गतका, तुरही, चरहे, चिटकुली, कुहुकी और रूंजु जैसे वाद्य यंत्र बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यशाला हर दिन सुबह सात से ग्यारह बजे और शाम पांच से आठ बजे तक आयोजित होगी। इसमें हर आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं।

## कैदी मौत—परिजन हंगामा

रायगढ़ जिले में जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने हंगामा मचाया। कल अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद कैदी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए और मौत को लेकर हंगामा करने लगे। परिजनों ने जेल में मारपीट का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस और जेल प्रशासन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

## ठगी—आरोपी गिरफ्तार

सक्ती जिले के छपोरा में भारतीय स्टेट बैंक की फर्जी शाखा संचालित करने और नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले फरार तीन आरोपी को मालखरौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पहले भी मुख्य आरोपी अनिल भास्कर सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपियों ने छह व्यक्तियों को बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर करीब सात लाख इकहत्तर हजार रुपये की ठगी की थी।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून के पहुंचने में कुछ और समय लग सकता है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि आज उत्तर छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। उन्होंने बताया कि यही स्थिति अगले तीन–चार दिनों तक बनी रहेगी।

मौसम विभाग ने आगामी तीन से चार दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, ओडिशा और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में पहुंचने की संभावना जताई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>